प्रोजेक्ट थैलेसीमिया को मशाल जलाकर किया आगाज़, इनरव्हील ने जिम्मेदारी ली

नीमच। सेवा के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली संस्था इनरव्हील क्लब की शाखा नीमच द्वारा थैलेसीमिया जैसी गम्भीर बीमारी को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वहन के संकल्प के तहत ज्ञानोदय इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग डिपार्टमेंट के सभागार में एक विशाल सेमीनार एवं नि:शुल्क ब्लड चेक-अप केम्प का आयोजन किया गया।

छात्रों से खंचाखच भरे हॉल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सत्येन्द्र सिंह राठौर ने माँ सरस्वती एवं ओलीवर गोल्ड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इनरव्हील प्रार्थना का वाचन सचिव प्रेरणा शर्मा ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत कौर छाबड़ा ने किया।

सी.सी.सी. चेयरमैन संगीता जोशी ने बताया कि मण्डल 304 की चेयरमैन विभा सिंह द्वारा पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया को प्रोजेक्ट थैलेसीमिया का कार्डिनेटर बनाया गया है जिसमें उन्हें मण्डल के पचास क्लबों में थैलेसीमिया जागरूकता शिविर एवं ब्लड चेक-अप केम्प लगवाने हैं।

इस अवसर पर डॉ. माधुरी चौरसिया ने कहा मण्डल अध्यक्ष द्वारा प्रदान की गई जिम्मेदारी का निर्वहन के थैलेसीमिया के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सत्येन्द्र सिंह राठौर संरक्षक थैलेसीमिया जन-जागरण समीति के सहयोग से वे भोपाल, छिन्दवाड़ा, खण्डवा, इन्दौर, इटारसी, मन्दसौर, रतलाम एवं अन्य शहरों में करीब पचास केम्प लगवा कर करेंगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री सत्येन्द्र सिंह राठौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा थैलेसीमिया एक गम्भीर बीमारी के जिसके 5 लाख मरीज भारत में हो गए हैं, इस बीमारी को जागरूकता से रोका जा सकता हैं।

यह थैलेसीमिया एक गंभीर आनुवांशिक एक रोग हैं जिसमें शरीर में हीमोग्लोबिन बनने की प्रक्रिया बाधित हो जाती हैं जिसमें रोगी को बार-बार खून चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती हैं।

यह बीमारी माता-पिता दोनों के जीन से बच्चों में आती हैं, यदि दोनों थैलेसीमिया माइनर है तो उनके बच्चे में मेजर होने की संभावना बढ़ जाती है। अत: विवाह के पूर्व जन्म कुंडली के मिलाने से पहले थैलेसीमिया की जाँच करवाना जरूरी हैं।

नि:शुल्क ब्लड चेक-अप केम्प में 200 छात्रों एवं शिक्षकों ने अपना ब्लड सेम्पल दिया जिसकी रिपोर्ट उन्हें मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगी। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब द्वारा डॉ. माधुरी चौरसिया एवं सत्येन्द्र सिंह राठौर को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूरे प्रदेश में प्रोजेक्ट थैलेसीमिया को एक मशाल जलाकर लांच किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश पाटीदार, श्रीमती ऋचा सक्सेना, डॉ. चंचल पांचाल, डॉ. दुर्गा चौहान, श्रीमती सिम्मी सलूजा, श्रीमती सरिता पाटीदार, श्रीमती नीलिमा भण्डारी, श्रीमती ललिता भंसाली एवं बड़ी संख्या में स्टॉफ, इनरव्हील सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सरोज गांधी ने किया एवं आभार श्रीमती तृप्ति दुआ ने किया ।

जनसुनवाई में आवेदक को कलेक्टर ने दिलाया भूखण्ड का सीमाकंन करवाकर कब्जा

- कलेक्टर ने दस वर्षीय कीर्ती के उपचार के लिए आर्थिक सहायता रेडक्रास को दिए निर्देश
- कलेक्टर ने की जनसुनवाई
- 102 आवेदकों की सुनी समस्याएं

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा जनसुनवाई कर, आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में उज्जैन निवासी आवेदक राजेश नागर ने स्कीम नम्बर 34 नीमच के प्लाट नम्बर 389 का सीमांकन करवाकर भूखण्ड का न.पा. से कब्जा दिलाने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने सीएमओ को मंगलवार को ही मौके पर आवेदक के साथ जाकर उसके भूखण्ड का सीमांकन करवाकर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। न.पा.द्वारा आवेदक को मंगलवार को ही उसके भूखण्ड का कब्जा दिला दिया गया है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने कमल अग्रसेन भवन के पास नीमच निवासी राजपाल सिह के आवेदन पर पुत्री कीर्ती राठौर के एम्स में ईलाज के लिए आर्थिक सहायता के आवेदन पर रेडक्रास से तत्कालिक आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में बिसलवास बामनिया की प्रेमबाई, बिसलवास कलां की कमल पाटीदार, डूंगलावदा के मदनलाल, नई बावल की देऊबाई, यादव मंडी के गजेन्द्र सिह, सुवाखेड़ा के मांगीलाल, नेवड़ की कस्तुरीबाई, रामखेड़ा के बापूलाल, गिरदौड़ा के किशनसिह, इंदिरा नगर नीमच के दिलीप, मेंडकी के नंदकिशोर, झातला के अशोक कुमार, जावी की नन्दुबाई, चेनपुरा के गट्ठसिह, जगेपुर मीणा के लालाराम, अमावली महल के बाबुलाल, नयागांव के राजू धाकड़, खोर की शारदाबाई, ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए।

इसी तरह सेमली चंद्रावत के राधेश्याम, मालखेड़ा की गीताबाई, नयागांव के सत्तु धाकड़, नगरपालिका नीमच के विनोद, रेवली देवली के शांतिलाल, धनेरिया कलां की शांतिबाई, तेलनखेड़ी के बाबुलाल, खजुरिया के रतनलाल, कुचडोद के राजाराम, खेड़ादारू के लक्ष्मीनारायण, किरपुरिया छोटा के सद्दा बंजारा, चडौली के अर्जुन, बिसलवास खुर्द के भोलेराम, धोकलखेड़ा के यशवंत आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू व अन्य जिला अधिकारी भी जनसुनवाई में उपस्थित थे।

एक नजर में

116 वां श्री णमोकार महामंत्र जाप

नीमच। प पु आचार्य देव श्री निपुणरत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब, शांत क्रांत गच्छाधिपति प पु आचार्य देव श्री विजयराज जी महाराज साहब एवं राष्ट्र संत कमलमुनिजी कमलेश महाराज साहब के पावन आशीर्वाद से अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच द्वारा प्रति पुर्णिमा को आयोजित किये जाने वाले सर्वाधि व्याधि विनाशक सुख शांति समृद्धि आरोग्य प्रदायक श्री णमोकार महामंत्र के जाप दिनांक 6 नवंबर 2025 गुरुवार को श्री वैभव सुख धाम नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव मंदिर विकास नगर 14 /4 नीमच पर सांय 7 .30 से 8 .30 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

आईएफएमआईसे संबंधी प्रशिक्षण 13 नवम्बर को

नीमच। जिला कोषालय नीमच द्वारा आई .एफ .एम .आई .से संबंधित प्रशिक्षण 13 नवम्बर को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत नीमच के सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी श्री बी .एम .सुरावत ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों, सभी कार्यालयों को लेखापाल एवं स्थापना शाखा के प्रभारियों को इस प्रशिक्षण में उपस्थित होने का आगृह किया है।

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स सहकारी साख समिति नीमच के चुनाव संपन्न

नीमच। म प्र विद्युत मंडल पेंशनर्स कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित नीमच के गत दिनों संचालक मंडल के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए थे उन निर्विरोध निर्वाचित संचालक मंडल को आज चुनाव अधिकारी श्री आर के हरित द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए पदाधिकारी के चुनाव करवाये गये जिसमे अध्यक्ष श्री भुपाल सिंह राठौर उपाध्यक्ष श्री सुरज मल आर्य एवं श्रीमती श्यामा देवी विश्वकर्मा बैंक प्रतिनिधी श्री देवीलाल हाडा तथा संचालक मण्डल मे श्री विष्णूसिंह पंवार घीसालाल जोशी चम्पालाल गेहलोत रमेशचंद्र लोहार महादेव तरता श्रीमती भंवरबाई गुर्जर एव लादूराम को लिया गया इस अवसर पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन नीमच के उपाध्यक्ष श्री श्यामसुन्दर अग्रवाल एवं भेरूलाल शर्मा व कोषाध्यक्ष लालसिंह राठौर ने नव निर्वाचित संस्था के पदाधिकारी यो का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा निर्वाचन अधिकारी श्री आर के हरित का स्वागत किया गया।

चारभुजा मंदिर में हुआ भव्य छप्पन भोग का आयोजन

मनासा। मंदिरों की नगरी मनासा के प्रसिद्ध प्राचीन चारभुजा मंदिर, कपड़ा बाजार में सोमवार को भव्य छप्पन भोग का आयोजन हुआ, जिसमें नगर की जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर नगर के मध्य स्थित है और इसके पास ही एक अति प्राचीन बावड़ी भी है। प्रात: काल अभिषेक के बाद चारभुजा जी का मनोहारी श्रृंगार किया गया। दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। सायंकाल भक्तों द्वारा लाए गए छप्पन भोग को भजनों की मधुर धुनों के बीच प्रभु को अर्पित किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर में प्रतिदिन भजन होते हैं, किंतु हर ग्यारस को विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर चारभुजा जी की प्रसिद्ध लावणी प्रस्तुत की जाती है। भक्तजन पुराने भजनों की सुरलहरियों में खो जाते हैं और प्रभु की कृपा का साक्षात अनुभव करते हैं।

तस्कर को 10 साल की सजा, 2 लाख का जुर्माना भी देना होगा, नारायणगढ़ से राजस्थान ले जा रहा था डोडाचूरा

नीमच। नीमच की विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने डोडाचूरा की अवैध तस्करी के आरोपी गोपाल मीणा (25 वर्ष, निवासी हैदरवास, मंदसौर) को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला मंगलवार शाम को सुनाया गया। जिला लोक अभियोजक चंचल बाहेती और कार्यालय के मीडिया प्रभारी एडवोकेट अली असगर ने बताया कि यह मामला 13 जून 2019 का है। उस दिन उपनिरीक्षक नागेश यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी गोपाल मीणा अपनी सफेद महिन्द्रा पिकअप (क्रमांक एम.पी. 14 जी. सी. 0421) में डोडाचूरा छिपाकर नारायणगढ़ से राजस्थान ले जा रहा है। सूचना मिलते ही हर्कियाखाल फंटा फोरलेन पर नाकाबंदी की गई। पुलिस बल ने मुखबिर द्वारा बताई गई पिकअप को रोका। वाहन चालक ने अपना नाम गोपाल मीणा बताया। वाहन की तलाशी लेने पर, लहसुन के 65 कट्टों के नीचे छिपाकर रखे गए 7 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों में अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। मौके पर ही सभी कानूनी कार्यवाही पूरी कर आरोपी गोपाल मीणा को गिरफ्तार कर लिया गया था। संपूर्ण विवेचना के बाद, आरोपी गोपाल और फरार आरोपी कंवरलाल के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 25 एवं 29 के तहत अपराध सिद्ध पाया गया। इसके बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

नीमच का किशोर लापता, मंदसौर के कुएं में मिला शव

- परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, एसडीएम से मामले की जांच की मांग

नीमच। नीमच सिटी थाना क्षेत्र के जावी गांव निवासी 19 साल के किशोर का शव मंदसौर में एक कुएं से बरामद हुआ है। इस संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को परिजन और समाजजन आज बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए घर से निकला था युवक

परिजनों के मुताबिक, किशोर आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए घर से निकला था, जिसके बाद वह लापता हो गया। उसके मोबाइल की अंतिम लोकेशन मंदसौर के कृषि कॉलेज क्षेत्र में पाई गई थी।

नीमच सिटी पुलिस और मंदसौर पुलिस ने संयुक्त रूप से खोजबीन की। इसी दौरान किशोर का शव कृषि कॉलेज परिसर स्थित एक कुएं से बरामद हुआ।

जांच कर दोषियों पर सजा दिलाने की मांग- परिवार ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार करते हुए हत्या की गंभीर आशंका जताई है।

उनका कहना है कि घटना के कई दिन बाद भी पुलिस ने मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं किया है। पीड़ित परिवार और समाजजनों ने एसडीएम से मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों को जल्द सजा दिलाने की मांग की है।

नपाध्यक्ष ने शिवना घाट का निरीक्षण कर की सफाई

- मेला तैयारियों की ली समीक्षा, दीपदान के लिए दिए निर्देश

मंदसौर। नगरपालिका उपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मंगलवार को पशुपतिनाथ महादेव मेला की तैयारियों और कार्तिक पूर्णिमा पर शिवना नदी में होने वाले दीपदान की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर सुरक्षा हेतु जाली लगाने, तैराकों की व्यवस्था एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस दौरान उनके साथ उपाध्यक्ष नम्रता चावला, मेला समिति सभापति श्रीमती प्रतिभा भैरवे, समिति सदस्यगण, पार्षद प्रतिनिधि और नगरपालिका अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद सभी ने मिलकर शिवना नदी घाट पर श्रमदान करते हुए सफाई कार्य भी किया। मेला स्थल पर कीचड़ हटाने और मोर्रम बिछाने के निर्देश देते हुए श्रीमती गुर्जर ने कहा कि अस्थायी दुकानों का ले-आउट शीघ्र तैयार किया जाए। राजस्व प्रभारी मंगेशराव नवले ने बताया कि मेले में लगने वाली 533 अस्थायी दुकानों का आवंटन कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

पीएमयूएम कर्मचारी कल्याण कोष दीपावली मिलन समारोह

मन्दसौर। प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक (पीएमयूएम) शिक्षक संघ जिला मंदसौर इकाई का दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ।

सह बैठक में संभागीय पदाधिकारी, जिला पधाधिकारी एवं सभी ब्लॉक के सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में एवं बालचंद राठौर संभागीय संघठन मंत्री व फूलचंद गुर्जर संभागीय सचिव के विशेष आतिथ्य में एवं जिला पदाधिकारी गोविंदराम गेहलोत जिलाध्यक्ष, लखन पुरोहित जिला उपाध्यक्ष, हरीश खीचावत जिला उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार राठौर जिला महा सचिव, राजेश विश्वकर्मा जिला संगठन मंत्री, लक्ष्मीनारायण जिला प्रवक्ता, आनंद आंजना ब्लाक मीडिया प्रभारी, पंकज कुमार मंडलोई ब्लॉक अध्यक्ष, लोमन कुमार ओझा ब्लॉक प्रभारी, विरेंद्रसिंह शक्तावत ब्लॉक मिडिया प्रभारी, घनश्याम लोधा ब्लाक संघठन मंत्री, आजादसिंह चौहान ब्लॉक महामंत्री, शीतल सिंह चौहान ब्लॉक सह सचिव, रामनारायण सिसौदिया ब्लाक सचिव एवं मुकेश कुमार आचार्य, सुनील कुमार सोलंकी, मुकेश कुमार परिहार, राजेश कुमार पंवार, मुकेश कुमार राठौर, मयंक कुमार सोनी, कालूराम भगोरा, धर्मेन्द्र कुमार चौहान, मुकेश कुमार राठौर, गोपाल माली, सुरेंद्र गौड़, मनोज कुमार साखी संजय गेहलोत, शांतिलाल दर्डिंग, जुझारलाल चौहान, अनिल सांखला, प्रदीप कुमार जाटव, सुरेश कुमार भैसावल, गजराज सिंह सिसौदिया, चंद्रप्रकाश जैन, किशोर पाटीदार, विनय हुपेले एवम मातृशक्तियों में रेणुका आचार्य, श्रीमती लक्ष्मी पाटीदार, श्रीमति कलावती राठौर, नीता राव आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संगठन की एकता, सहयोग और मजबूती को और सुदृढ़ बनाने हेतु संभागीय संघठन मंत्री श्री बालचंद राठौर ने पीएमयूएम शिक्षक संघ के शिक्षक हित में कार्य एवं उद्देश्यों की जानकारी दी सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार साझा किए एवं नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। होटल महक के ऑनर मंगलेश पाटीदार ने पीएमयूएम संस्था के कार्य से प्रभावित होकर बैठक निशुल्क करवाई मंगलेश पाटीदार का सभी पधाधिकारियो ने पुष्प्रमालाओ से सम्मान किया। अंत में आभार आनंद आंजना ब्लॉक मिडिया प्रभारी ने व्यक्त किया।

एक नजर — अन्य शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला स्तरीय जन सुनवाई शिकायत निवारण में 41 शिकायतों का निराकरण

नीमच। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा दिए गएनिर्देशों के पालन में दिनांक 04.11.2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया।

जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. अंकित जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1 की 36, लेवल-2 की 03 एवं लेवल-3 की 02 इस प्रकार कुल 41 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 65 फरियादियों द्वारा एसपी श्री अंकित जायसवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री अंकित जायसवाल द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को शिकायतों के शिघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें।

जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद रोहित राठौर, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।